# Durga Chalisa Lyrics in Hindi English

## Durga Chalisa Lyrics in Hindi

नमो नमो दुर्गे सुख करनी । नमो नमो दुर्गे दुःख हरनी ॥

निरंकार है ज्योति तुम्हारी । तिहूँ लोक फैली उजियारी ॥

शशि ललाट मुख महाविशाला । नेत्र लाल भृकुटि विकराला ॥

रूप मातु को अधिक सुहावे । दरश करत जन अति सुख पावे ॥

तुम संसार शक्ति लै कीना । पालन हेतु अन्न धन दीना ॥

अन्नपूर्णा हुई जग पाला । तुम ही आदि सुन्दरी बाला ॥

प्रलयकाल सब नाशन हारी । तुम गौरी शिवशंकर प्यारी ॥

शिव योगी तुम्हरे गुण गावें । ब्रह्मा विष्णु तुम्हें नित ध्यावें ॥

रूप सरस्वती को तुम धारा । दे सुबुद्धि ऋषि मुनिन उबारा ॥

धरयो रूप नरसिंह को अम्बा । परगट भई फाड़कर खम्बा ॥

रक्षा करि प्रह्लाद बचायो । हिरण्याक्ष को स्वर्ग पठायो ॥

लक्ष्मी रूप धरो जग माहीं । श्री नारायण अंग समाहीं ॥

क्षीरसिन्धु में करत विलासा । दयासिन्धु दीजै मन आसा ॥

हिंगलाज में तुम्हीं भवानी । महिमा अमित न जात बखानी ॥

मातंगी अरु धूमावति माता । भुवनेश्वरी बगला सुख दाता ॥

श्री भैरव तारा जग तारिणी । छिन्न भाल भव दुःख निवारिणी ॥

केहरि वाहन सोह भवानी । लांगुर वीर चलत अगवानी ॥

कर में खप्पर खड्ग विराजै । जाको देख काल डर भाजै ॥

सोहै अस्त्र और त्रिशूला । जाते उठत शत्रु हिय शूला ॥

नगरकोट में तुम्हीं विराजत । तिहुँलोक में डंका बाजत ॥

शुम्भ निशुम्भ दानव तुम मारे । रक्तबीज शंखन संहारे ॥

महिषासुर नृप अति अभिमानी । जेहि अघ भार मही अकुलानी ॥

रूप कराल कालिका धारा । सेन सहित तुम तिहि संहारा ॥

परी गाढ़ सन्तन पर जब जब । भई सहाय मातु तुम तब तब ॥

अमरपुरी अरु बासव लोका । तब महिमा सब रहें अशोका ॥

ज्वाला में है ज्योति तुम्हारी । तुम्हें सदा पूजें नरनारी ॥

प्रेम भक्ति से जो यश गावें । दुःख दारिद्र निकट नहिं आवें ॥

ध्यावे तुम्हें जो नर मन लाई । जन्ममरण ताकौ छुटि जाई ॥

जोगी सुर मुनि कहत पुकारी । योग न हो बिन शक्ति तुम्हारी ॥

शंकर आचारज तप कीनो । काम अरु क्रोध जीति सब लीनो ॥

निशिदिन ध्यान धरो शंकर को । काहु काल नहिं सुमिरो तुमको ॥

शक्ति रूप का मरम न पायो । शक्ति गई तब मन पछितायो ॥

शरणागत हुई कीर्ति बखानी । जय जय जय जगदम्ब भवानी ॥

भई प्रसन्न आदि जगदम्बा । दई शक्ति नहिं कीन विलम्बा ॥

मोको मातु कष्ट अति घेरो । तुम बिन कौन हरै दुःख मेरो ॥

आशा तृष्णा निपट सतावें । मोह मदादिक सब बिनशावें ॥

शत्रु नाश कीजै महारानी । सुमिरौं इकचित तुम्हें भवानी ॥

करो कृपा हे मातु दयाला । ऋद्धिसिद्धि दै करहु निहाला ॥

जब लगि जिऊँ दया फल पाऊँ । तुम्हरो यश मैं सदा सुनाऊँ ॥

श्री दुर्गा चालीसा जो कोई गावै । सब सुख भोग परमपद पावै ॥

देवीदास शरण निज जानी । कहु कृपा जगदम्ब भवानी ॥

॥दोहा॥
शरणागत रक्षा करे, भक्त रहे नि :शंक ।
मैं आया तेरी शरण में, मातु लिजिये अंक ॥
॥ इति श्री दुर्गा चालीसा ॥

## Durga Chalisa Lyrics in English

Namo Namo Durge Sukh Karni,
Namo Namo Durge Dukh Harni.

Nirankār Hai Jyoti Tumhārī,
Tihūn Lok Phailī Ujjiyārī.

Shashi Lalāṭ Mukh Mahāviśālā,
Netra Lāl Bhrikuti Vikrālā.

Roop Mātu Ko Adhik Suhāve,
Darś Karat Jan Ati Sukh Pāve.

Tum Sansār Shakti Lai Kīnā,
Pālan Hetu Ann Dhan Dīnā.

Annapūrṇā Huī Jag Pālā,
Tumhī Ādi Sundarī Bālā.

Pralaykāl Sab Nāśan Hārī,
Tum Gaurī Shivshankar Pyārī.

Shiv Yogi Tumhre Gun Gāve,
Brahmā Vishnu Tumhe Nit Dhyāve.

Roop Sarasvatī Ko Tum Dhārā,
De Subuddhi Ṛṣi Munin Ubārā.

Dharyō Roop Narasiṁh Ko Ambā,
Pragaṭ Bhayī Phāṛkar Khaṁbā.

Rakṣā Kari Prahlād Bachāyo,
Hiraṇyākṣ Ko Swarg Paṭhāyo.

Lakṣmī Roop Dharo Jag Māhīṁ,
Shri Nārāyaṇ Ang Samāhīṁ.

Kṣīrasindhu Mein Karat Vilāsā,
Dayāsindhu Dījai Man Āsā.

Hinglāj Mein Tumhīṁ Bhavānī,
Mahimā Amit Na Jāt Bakhānī.

Mātangī Aru Dhūmāvatī Mātā,
Bhuvaneśvarī Bagalā Sukh Dātā.

Shri Bhairav Tārā Jag Tārīṇī,
Chhin Bhāl Bhav Dukh Nivārīṇī.

Kehri Vāhan Soh Bhavānī,
Lāṅgur Vīr Chalat Agwānī.

Kar Meṁ Khappar Khaḍg Virājai,
Jāko Dekh Kāl Dar Bhājai.

Sohai Astr Aur Triśūlā,
Jāte Uṭhat Śhatru Hīya Śūlā.

Nagarkot Meṁ Tumhīṁ Virājat,
Tihūn Lok Meṁ Ḍanka Bājat.

Shumbh Nishumbh Dānav Tum Māre,
Raktabīj Śaṅkhan Sanhāre.

Mahīṣāsur Nrip Ati Abhimānī,
Jehi Agh Bhār Mahī Akulānī.

Roop Karāl Kālikā Dhārā,
Sen Sahit Tum Tihī Sanhārā.

Parī Gāṛ Santan Par Jab Jab,
Bhayi Sahāy Mātu Tum Tab Tab.

Amarpurī Aru Bāsv Lokā,
Tab Mahimā Sab Raheṁ Ashokā.

Jwālā Mein Hai Jyoti Tumhārī,
Tumhe Sadā Pūjeṁ Nar-Nārī.

Prem Bhakti Se Jo Yash Gāve,
Dukh Dāridra Nikat Nahīṁ Āve.

Dhyāve Tumhe Jo Nar Man Lāī,
Janmamaraṇ Tāko Chuṭi Jāī.

Yogī Sur Muni Kahat Pukarī,
Yog Na Ho Bin Shakti Tumhārī.

Śankar Āchāraj Tap Kīnō,
Kām Aru Krodh Jīti Sab Līnō.

Nishidin Dhyan Dharō Śankar Ko,
Kāhu Kāl Nahīṁ Sumirō Tumko.

Shakti Roop Kā Maram Na Pāyo,
Shakti Gaī Tab Man Pachitāyo.

Sharaṇāgat Huī Kīrtī Bakhānī,
Jai Jai Jai Jagadamba Bhavānī.

Bhayi Prasann Ādi Jagadambā,
Dai Shakti Nahīṁ Kīn Vilambā.

Moko Mātu Kaṣṭ Ati Gherō,
Tum Bin Kaun Harai Dukh Mero.

Āśā Triṣhṇā Nipṭ Satāvē,
Moh Madādik Sab Binashāvē.

Śhatru Nāś Kījai Mahārānī,
Sumirau Ikchit Tumhe Bhavānī.

Karo Kripā He Mātu Dayālā,
Ṛddhi-Siddhi Dai Karahu Nihālā.

Jab Lagī Jīūṁ Dayā Phal Pāūṁ,
Tumharo Yash Maiṁ Sadā Sunāūṁ.

Śrī Durga Chālīsā Jo Koī Gāve,
Sab Sukh Bhog Param Pad Pāwe.

Devīdās Sharaṇ Nij Jānī,
Kahu Kripā Jagadamba Bhavānī.

Dohā
Sharaṇāgat Rakṣā Kare, Bhakt Rahe Niḥśank.
Main Āyā Teri Sharaṇ Mein, Mātu Lijiye Aṅk.
Iti Śrī Durga Chālīsā.

## About Durga Chalisa in English

Durga Chalisa is a devotional hymn dedicated to Goddess Durga, one of the most powerful deities in Hinduism, who is worshipped as the protector and remover of obstacles. This hymn consists of 40 verses (Chalisa), which are sung to invoke the goddess's blessings for strength, protection, and prosperity. Goddess Durga is revered as a warrior who combats evil forces and protects her devotees from danger. She is also the embodiment of Shakti, the divine feminine energy.

The Durga Chalisa praises her many forms and qualities, including her fierce and compassionate nature, her role as a destroyer of evil, and her protection of dharma (righteousness). The hymn also describes her divine

attributes, such as her powerful weapons like the trident and sword, and the presence of other gods and goddesses, including Lord Shiva and Lord Vishnu, in her service.

Devotees recite the Durga Chalisa to seek her protection from harm, to overcome difficulties in life, and to receive blessings of peace, wealth, and spiritual growth. The Durga Chalisa is especially recited during the festival of Navratri and on Saturdays, which are considered auspicious days for worshiping Goddess Durga. By chanting it with devotion, devotees believe they can experience the goddess’s divine grace and strength.

## About Durga Chalisa in Hindi

दुर्गा चालीसा एक भक्तिपूर्ण प्रार्थना है, जो देवी दुर्गा को समर्पित है। देवी दुर्गा को शक्ति, साहस और समृद्धि की देवी माना जाता है, जो अपने भक्तों की रक्षा करती हैं और उनके जीवन से सभी प्रकार के संकटों और बाधाओं को दूर करती हैं। दुर्गा चालीसा में 40 चौपाइयाँ होती हैं, जिनमें देवी दुर्गा की महिमा, उनके रूप, शक्ति और उनके अद्भुत गुणों का वर्णन किया गया है।

इस चालीसा में देवी दुर्गा के कई रूपों की पूजा की जाती है, जिनमें वह दुर्गा, काली, महालक्ष्मी, और महासरस्वती के रूप में प्रकट होती हैं। देवी दुर्गा के त्रिशूल, तलवार और अन्य अस्त्र-शस्त्रों का भी वर्णन किया गया है, जो वह दुष्टों और बुराईयों का संहार करने के लिए उपयोग करती हैं। चालीसा में यह भी कहा गया है कि देवी दुर्गा अपने भक्तों को शांति, सुख, समृद्धि और आध्यात्मिक उन्नति प्रदान करती हैं।

दुर्गा चालीसा विशेष रूप से नवरात्रि के दौरान और शनिवार को पढ़ी जाती है, जो देवी दुर्गा के पूजन का विशेष दिन माना जाता है। यह चालीसा श्रद्धा और भक्ति से पढ़ने पर जीवन में सकारात्मक बदलाव लाती है और देवी की कृपा से हर समस्या का समाधान होता है।